G20

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

website- msuniversity.ac.in e-mail ID – nss@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 2856/एन0एस0एस0/एम.एस.यू./2022–23 दिनांकः 21/03/2023

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय/संस्थान
राष्ट्रीय सेवा योजना
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,
सहारनपुर।

अति महत्त्वपूर्ण

विषयः– विश्व क्षय योग दिवस (World Tuberculosis Day) दिनांक : 24.03.2023 को क्षययोग उन्मूलन हेतु सभी राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों में निक्षय–दिवस के रूप में मनाये जाने विषयक।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक मा0 राज्यपाल/कुलाधिपति की प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या : ई–1656/32–जी0एस0/2023–(XIII) दिनांक : 17 मार्च, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा दिनांकः 24.03.2023 को विश्व क्षय योग दिवस के अवसर पर तदनुसार विश्वविद्यालयों/संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में निक्षय दिवस के रूप में संलग्न पत्र में कार्यक्रम आयोजित कराने तथा कृत कार्यवाही की एक विस्तृत आख्या प्रेषित कराने की अपेक्षा की गयी है।

कृपया संलग्न उल्लिखित पत्र में दिये गये निर्देशों का अनुपालन कराते हुये कृत कार्यवाही की एक विस्तृत आख्या छायाचित्रों सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय की ई–मेल nss@msuniversity.ac.in पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक : यथोपरि।

भवदीय,

(डा0 भूपेन्द्र कुमार)
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिलितिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव कार्यालय।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

ई–मेल

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,

लखनऊ–226027

संख्याःई– 1656 / 32–जी0एस0 / 2023–(XIII)

दिनाँकः 17, ,मार्च–2023

प्रेषक,

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति की प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः– **विश्व क्षय रोग दिवस (World Tuberculosis Day) दिनाँक 24–03–2023 को क्षयरोग उन्मूलन हेतु सभी राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों में निक्षय–दिवस के रूप में मनाये जाने विषयक।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में जैसा कि आप अवगत हैं कि देश को क्षय रोग से मुक्ति दिलाने के लिये देश व प्रदेश में व्यापक पैमाने पर मुहिम चलाई जा रही है। क्षयरोग (टी0बी0) संक्रामक बीमारी और उसके स्वास्थ्य परिणामों के बारे में जन जागरूकता फैलाने तथा देश व प्रदेश में क्षय रोग(टी0बी0) महामारी की समूल समाप्ति हेतु विभिन्न स्तरों पर निरन्तर आवश्यक प्रयास किये जा रहे हैं।

उक्त परिप्रेक्ष्य में राजभवन सहित प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों / संस्थानों व उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में दिनाँक 24–03–2023 को विश्व क्षय रोग **(World Tuberculosis Day)** दिवस को "निक्षय दिवस" के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है जिसमें विश्वविद्यालयों / संस्थानों द्वारा गोद लिये गये गाँवों में चिन्हित क्षय रोगियों को गोद लिया जाना अपेक्षित है। विश्व क्षय रोग दिवस पर मुख्य चिकित्साधिकारी से आवश्यक समन्वय स्थापित करके क्षय रोगियों को चिन्हित किया जाये तथा चिन्हित रोगियों पर क्षय रोग(संक्रामक बीमारी) की समुचित जाँचें, परामर्श एवं जन जागरूकता गतिविधियों व उन्मूलन पर जोर दिया जाये। विश्वविद्यालय / संस्थानों व उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा गोद लिये गये गाँवों के चिन्हित रोगियों से उनके पोषण व स्वास्थ्य एवं नियमित उपचार / निदान तथा रोगियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियमित दवाइयों एवं पोषण पोटली की उपलब्धता के बारे में समुचित जानकारी संकलित की जायेगी। इसके साथ ही क्षय

रोगी को मिलने वाली पोषण पोटली का उपयोग क्षय रोगी ही करें, इसके लिये स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपेक्षित फॉलोअप भी करें। जिन गॉवों को विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा गोद लिया गया है, उन गॉवों में शासन के सहयोग से निक्षय मित्र बनाये जायें। विश्वविद्यालयों/संस्थानों की ओर से इस अवसर पर चिन्हित रोगियों को एक "**पोषण पोटली**" वितरित की जाये, जिसमें भुना चना, गुड, मूँगफली, चिक्की, सत्तू, पौष्टिक बिस्किट और अन्य आवश्यक पोषक सामग्री शामिल हों।

उक्त परिप्रेक्ष्य में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनॉक 24–03–2023 को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर तदनुसार विश्वविद्यालयों/संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में निक्षय दिवस के रूप में उपरोक्तानुसार कार्यक्रम आयोजित कराने तथा कृत कार्यवाही की एक विस्तृत आख्या छायाचित्रों सहित इस सचिवालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(कल्पना अवस्थी)
कुलाधिपति की प्रमुख सचिव।